भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.11.2023

आरेडिका में मनाया गया संविधान दिवस

भारतीय संविधान की 74वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2023 को आरेडिका में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्च अधिकारियों के साथ संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया गया और आरेडिका के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर ही संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया।

ज्ञात हो कि आज के दिन 26 नवम्बर 1949 को भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा अधिनियमित एवं आत्मार्पित किया गया था और इसके कुछ उपबंधों को तत्काल प्रभाव से इसी दिन से लागू कर दिया गया तथा 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ।

इसके अतिरिक्त प्रशासनिक भवन में भारतीय संविधान के निर्माण में महापुरुषों द्वारा किए गये महत्वपूर्ण योगदान पर चित्रप्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के द्वारा संविधान की "उद्देशिका" एवं "मौलिक कर्तव्यों" की जानकारी के साथ–साथ संविधान निर्माताओं के संघर्षों, कार्यकुशलता और महत्वपूर्ण योगदान से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसएस कलसी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियार, प्रधान मुख्य अभियंता श्री राजेश अग्रवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संविधान की "उद्देशिका" का पाठ किया।

26.11.2023

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी